राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़

Email:- registrar.rmpu@gmail.com

पत्रांकः—आर0एम0पी0यू0/256/2024 दिनांकः—20 फरवरी, 2024

सेवा में,

प्राचार्य/प्राचार्या
समस्त महाविद्यालय,
संबद्ध राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ।

विषयः—उत्तर प्रदेश बी0एड0 संयुक्त प्रवेश परीक्षा 2024 के सम्बन्ध में।

महोदय/महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक कुलसचिव/राज्य नोडल अधिकारी, उ0प्र0 संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2024 के सलग्न पत्र संख्या बु0वि0/UPBED—2024/2024/24 दिनांक 17.02.2024 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसमें स्पष्ट है कि सत्र 2024—26 के बी0एड0 पाठ्यक्रम में प्रवेश हेतु संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2024 आयोजित करने का दायित्व बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी को दिया गया है।

संलग्न पत्र के अनुसार जो छात्र—छात्रा स्नातक अन्तिम वर्ष अर्थात् 5वें तथा 6वें सेमेस्टर में अध्ययनरत है वे भी संयुक्त बी0एड0 परीक्षा में सम्मिलित हो सकते है। उक्त प्रवेश परीक्षा हेतु अपने स्तर से प्रचार—प्रसार सुनिश्चित करें तथा महाविद्यालय की बेवसाईट एवं नोटिस बोर्ड पर भी उक्त सूचना को चस्पा करना सुनिश्चित करें।

संलग्नः—यथोपरि।

भवदीय,

डा0(महेश कुमार)
कुलसचिव

प्रतिलिपिः— निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतुः—

1. मा0 कुलपति जी, राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय, अलीगढ़।
2. कुलसचिव/राज्य नोडल अधिकारी, उ0प्र0 संयुक्त बी0एड0 प्रवेश परीक्षा 2024।
3. अधिकृत एजेंसी को इस निर्देश के साथ कि समस्त सम्बद्ध महाविद्यालयों के लॉगिन आई0डी0 एवं विश्वविद्यालय बेवसाइट पर अपलोड करें।
4. सम्पादक, समस्त दैनिक समाचार पत्र को इस आशय से प्रेषित, कि इसे छात्रहित में निःशुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
5. गार्ड फाईल।

Scanned with CamScanner

बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी

पत्रांक : बु०वि०/UPBED-2024/2024/ 24

दिनांक : 17/02/2024

सेवा में,

कुलसचिव
राजा महेन्द्र प्रताप सिंह राज्य विश्वविद्यालय,
अलीगढ़।

विषय :–उत्तर प्रदेश बी०एड० संयुक्त प्रवेश परीक्षा–2024 के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय पर आपका ध्यान आकृष्ट कराते हुये अवगत कराना है कि उच्च शिक्षा अनुभाग–7, उत्तर प्रदेश शासन लखनऊ के आदेश संख्या 19/सत्तर–7–2022–बी०एड०(09)/2014टी०सी० दिनांक 31 जनवरी 2024 के द्वारा सत्र 2024–26 के बी०एड० पाठयक्रम में प्रवेश हेतु संयुक्त बी०एड० प्रवेश परीक्षा–2024 आयोजित कराने हेतु बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, झाँसी को आयोजक विश्वविद्यालय नामित किया गया है। प्रवेश परीक्षा हेतु आवेदन हेतु महत्वपूर्ण तिथियां निम्नवत् है :–

- **बिना विलम्ब शुल्क के आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि – दिनांक 03/03/2024**
- **विलम्ब शुल्क सहित आवेदन की अंतिम तिथि – दिनांक 10/03/2024**

जैसा कि विदित है प्राथमिक, माध्यमिक एवं उच्च शिक्षा शासन की प्राथमिकताओं में है। प्रशिक्षित अध्यापक ही शासन की मंशा के अनुरूप प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था का नये आयाम प्रदान कर सकते है। आने वाले समय में शासन द्वारा शिक्षकों की भर्ती प्रकिया आरम्भ होनी है सम्पूर्ण शैक्षिक उन्नयन हेतु बी०एड० पाठयकम द्वारा प्रशिक्षित अध्यापको की आवश्यकता होगी। इसके अतिरिक्त निजी विश्वविद्यालयों में भी बी०एड० उपाधि धारक शिक्षको की काफी आवश्यकता होती है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति लागू होने से बहुविषयक पाठयकमों, वैल्युएडेड कोर्सेस के पाठयकमों में सम्मिलित होने के कारण बी०एड० प्रशिक्षण अध्यापकों की मांग बढ़ गयी है।

अतः आपसे अनुरोध है कि उक्त से अवगत होते हुये विश्वविद्यालय परिसर एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों के स्नातक अंतिम वर्ष/सेमेस्टर (5वें एवं 6वें) में अध्ययनरत अथवा परीक्षा में सम्मिलित हो रहे छात्र–छात्राओं को बी०एड० पाठयकम में प्रवेश हेतु उपर्युक्त तिथियों के व्यापक प्रचार–प्रसार के साथ निर्धारित तिथि के पूर्व ऑनलाईन आवेदन करने हेतु प्रेरित एवं जागरूक करने का कष्ट करे। आदेशानुसार यह भी अनुरोध है कि सम्बद्ध महाविद्यालयो को भी उपर्युक्त के प्रचार–प्रसार एवं अर्हताधारी छात्र छात्राओ तथा अपीयरिंग(छात्र/छात्राओं) को आवेदन एवं प्रवेश हेतु जागरूक करने के दिशा निर्देश प्रदान करने का कष्ट करें।

भवदीय

कुलसचिव/राज्य नोडल अधिकारी
उ0 प्र0 संयुक्त बी०एड० प्रवेश परीक्षा–2024

Scanned with CamScanner